**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Need to take steps to make better conditions facilities in Navodaya Vidyalaya, Malhar in Bilaspur Parliamentary Constituency, Chhattisgarh.

**श्री अरुण साव (बिलासपुर) :** अध्यक्ष महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र मल्हार में नवोदय विद्यालय है । वहां 500 बच्चे रहकर पढ़ाई करते हैं । वर्तमान में 100 से ज्यादा बच्चे बीमार हैं । उस विद्यालय में न तो बच्चों के शुद्ध पेयजल की व्यवस्था है और न अच्छे खाने की व्यवस्था है और न अच्छे बिस्तरों की व्यवस्था है । वहां मिसमैनेजमेंट के कारण स्थिति बहुत खराब है, जबकि सरकार वहां सारी सुविधाएं उपलब्ध कराती है । वहां मैनेजमेंट और व्यवस्था खराब होने के कारण बच्चे परेशान हो रहे हैं ।

मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करता हूं कि नवोदय विद्यालय, मल्हार की व्यवस्था दुरुस्त करे, ताकि बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो सके ।